भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 987**

उत्तर देने की तारीख 02 दिसंबर, 2024
11 अग्रहायण, 1946 (शक)

# देश भर में खेल केंद्र

**987. श्री प्रदीप पुरोहित:**
**डॉ. हेमंत विष्णु सवरा:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने खिलाड़ियों के विकास के लिए देश भर में खेल केन्द्रों की स्थापना करने के लिए कोई कदम उठाए हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) खिलाड़ियों के विकास के लिए ओडिशा सहित देश भर में उत्कृष्टता केन्द्रों सहित खेल केन्द्रों की स्थापना के लिए सरकार द्वारा की गई पहलों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) महाराष्ट्र तथा जनजातीय बहुल पालघर जिले में स्थापित / स्थापित किए जाने वाले खेल केन्द्रों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) से (ग): जी हां। सरकार ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के माध्यम से देश भर में 186 साई केंद्र (ओडिशा में 8 खेल केंद्र और महाराष्ट्र में 17 खेल केंद्र सहित) स्थापित किए हैं, जिनमें राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई), साई प्रशिक्षण केंद्र (एसटीसी), एसटीसी के विस्तार केंद्र, राष्ट्रीय खेल प्रतिभा प्रतियोगिता (एनएसटीसी) स्कीम आदि शामिल हैं, जो साई की खेल संवर्धन स्कीमों को कार्यान्वित करने के लिए कार्यशील हैं। इनका राज्य-वार विवरण अनुबंध में दिया गया है। इसके अलावा, खेलो इंडिया स्कीम के तहत खेल केंद्रों का विवरण यूआरएल: https://dashboard.kheloindia.gov.in/khelo-india-center-dashboard पर उपलब्ध है।

इसके अलावा, महाराष्ट्र राज्य में नए खेल केंद्र की स्थापना के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

****

अनुबंध

**"देश भर में खेल केंद्र" के संबंध में श्री प्रदीप पुरोहित और डॉ. हेमंत विष्णु सवरा द्वारा दिनांक 02.12.2024 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 987 के उत्तर के भाग (क) से (ग) में संदर्भित अनुबंध।**

**वर्ष 2024-2025 के लिए साई स्कीमों के तहत राज्य वार-केंद्रों की संख्या**

| | | केन्द्रों की संख्या | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | राज्य | | | | एनएसटीसी | | | |
| | | एनसीओई | एसटीसी | विस्तार केन्द्र | क्षेत्रीय स्कीमें | आईजीएमए | अखाड़ा | कुल |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | **3** |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | **2** |
| 3 | असम | 1 | 4 | 4 | 1 | 1 | 1 | **12** |
| 4 | बिहार | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | **3** |
| 5 | छत्तीसगढ | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | **2** |
| 6 | गोवा | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | **2** |
| 7 | गुजरात | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | **2** |
| 8 | हरियाणा | 2 | 3 | 0 | 0 | 0 | 5 | **10** |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 2 | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 | **5** |
| 10 | झारखंड | 0 | 2 | 1 | 0 | 1 | 0 | **4** |
| 11 | कर्नाटक | 1 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | **4** |
| 12 | केरल | 2 | 4 | 0 | 0 | 1 | 0 | **7** |
| 13 | मध्य प्रदेश | 1 | 3 | 2 | 1 | 0 | 3 | **10** |
| 14 | महाराष्ट्र | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 | 14 | **17** |
| 15 | मणिपुर | 1 | 2 | 0 | 1 | 2 | 0 | **6** |
| 16 | मेघालय | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | **1** |
| 17 | मिजोरम | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | **1** |
| 18 | नगालैंड | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | **1** |
| 19 | ओडिशा | 1 | 3 | 2 | 1 | 0 | 1 | **8** |
| 20 | पंजाब | 1 | 4 | 2 | 0 | 1 | 3 | **11** |
| 21 | राजस्थान | 0 | 3 | 7 | 2 | 0 | 8 | **20** |
| 22 | सिक्किम | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | **1** |
| 23 | तमिलनाडु | 0 | 3 | 0 | 0 | 2 | 0 | **5** |
| 24 | तेलंगाना | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | **1** |
| 25 | त्रिपुरा | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | **2** |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 1 | 4 | 1 | 1 | 0 | 7 | **14** |
| 27 | उत्तराखंड | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | **1** |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 2 | 4 | 2 | 0 | 0 | 0 | **8** |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 29 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (यूटी) | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | **2** |
| 30 | चंडीगढ़ (यूटी) | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | **2** |
| 31 | दिल्ली (यूटी) | 4 | 1 | 0 | 0 | 0 | 8 | **13** |
| 32 | जम्मू एवं कश्मीर (यूटी) | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | **2** |
| 33 | लद्दाख (यूटी) | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | **1** |
| 34 | लक्षद्वीप (यूटी) | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | **1** |
| 35 | पुडुचेरी (यूटी) | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | **2** |
| | **कुल योग:** | **24** | **69** | **25** | **9** | **9** | **50** | **186** |

*****